संख्या-पी-15/81-2-2022-800(38)/2022

प्रेषक,

आर0 पी0 सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0 लखनऊ।

पर्यावरण, वन एंव जलवायु परिवर्तन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 28 मार्च, 2022

विषय- कार्योपरान्त स्वीकृति (Ex-post Facto) हेतु जनपद पीलीभीत के अन्तर्गत इण्डियन ऑयल कार्पो0 लि0 द्वारा बीसलपुर-बिलसण्डा मार्ग संख्या-62 पी0ए0 के चैनेज 14.346 से 14.381 बांयी पटरी पर ग्राम चरखैला तहसील बीसलपुर जिला पीलीभीत में स्थित खसरा/गाटा संख्या-568 में रिटेल आउटलेट/पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु 0.114123 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैरवानिकी प्रयोग व 01 वृक्ष के पातन/ट्रान्सप्लान्ट की अनुमति के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव सं0-एफपी/यूपी/अदर्स/31275/2018)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-2079/11-सी-एफपी/यूपी/अदर्स/31275/2018 दिनांक 11.01.2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्ताव के परीक्षणोपरान्त निम्न कमियां पायी गई है :-

1. प्रस्ताव के पृष्ठ-10 में प्रस्तावित स्थल टाइगर रिजर्व की 10 किमी0 की सीमा का कथन अंकित किया गया है ?
2. पृष्ठ-19 के बिन्दु-ए एवं बी में उल्लंघन न किये जाने का उल्लेख किया गया है, जबकि प्रस्ताव कार्योपरान्त स्वीकृति से सम्बन्धित है ?
3. प्रस्ताव प्रस्तुत करने के पश्चात उल्लंघन किया गया है अथवा प्रस्तुत करने के पूर्व उल्लंघन किया गया है स्पष्ट किया जाय ? भारत सरकार के दिशा निर्देश दिनांक 29.01.2018 के प्राविधानों के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही किया जाय।
4. भू-स्वामित्व वाले विभाग द्वारा अनुमोदित ले आउट प्लान स्वच्छ प्रति में संलग्न किया जाय।

कृपया उपरोक्तानुसार सूचना/अभिलेख शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
Signed by राम प्रकाश सिंह
Date: 28-03-2022 17:08:43
Reason: Approved
(आर0 पी0 सिंह)
अनु सचिव

कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
पत्रांक- 2727/11-सी- FP/UP/Others/31275/2018 दिनांक, लखनऊ, मार्च 29, 2022

प्रतिलिपि- वन संरक्षक, वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर, पीलीभीत टाईगर रिजर्व वृत्त, पीलीभीत एवं वन संरक्षक, बरेली वृत्त, बरेली को इस आशय से प्रेषित कि उ0प्र0 शासन द्वारा उपरोक्त बिन्दुवार वांछित सूचना/अभिलेख इस कार्यालय को तत्काल तीन प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि- प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, पीलीभीत वन प्रभाग, पीलीभीत को इस आशय से प्रेषित कि उ0प्र0 शासन द्वारा बिन्दुवार वांछित सूचना/अभिलेख इस कार्यालय को तत्काल तीन प्रतियों में वन संरक्षक के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि- वरिष्ठ प्रबंधक (रिटेल सेल्स), इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन, लि0,(एम0डी0) 35-ए, कमला नेहरू मार्ग, बरेली-243001

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।